




नवभारत

भोपाल, सोमवार, 17 नवंबर, 2025


### एक नजर में



### प्रदेश महामंत्री का किया भव्य स्वागत

**हरपालपुर, 16 नवंबर.** रविवार को भाजपा की प्रदेश महामंत्री अर्चना गुड्डू सिंह दोपहर को वाहनों के लम्बे काफिले के बीच हरपालपुर में प्रथम नगर आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह उनका गर्मजोशी के साथ फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया. श्रीमती सिंह का स्वागत पार्टी कार्यकर्ताओं में पूर्व नगरपरिषद अध्यक्ष श्रीमती ममता बैसाखिया,कीर्ति अरूण अग्रवाल,अनीता विनोद वर्मा,अर्चना महेश राय सहित नगर के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता काफिले में उपस्थित रहे . भाजपा प्रदेश महामंत्री के नगर आगमन की उपस्थिति को लेकर राजनैतिक गलियारों में सुगबुगाहट के बीच तमाम तरह की जन चर्चाओं का बाजार गर्म है लोग प्रदेश महामंत्री की उपस्थिति को लेकर अभी से चुनाव की नई जमीन से जोड़कर देख रहे है .

### बाल मेला लगाकर प्रतिभाओं का सम्मान किया



**नवभारत न्यूज ब्यावरा 15 नवम्बर,** का. नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था इंदौर पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल मेला आयोजित कर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. बच्चों ने विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाये. खेल, हस्तकला तथा रचनात्मक गतिविधियों की प्रस्तुति दी. अतिथि जिपं अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, नपाध्यक्ष पवन कुशवाहा, भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, जिपं सदस्य डॉ विश्वनाथ दांगी, सुश्री रचना भार्गव एवं महेन्द्र यादव उपस्थित रहे. विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का निरीक्षण किया तथा बच्चों की प्रतिभा एवं नवाचार की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. विद्यालय संचालक हरिओम दांगी एवं प्राचार्य चेनसिंह जाटव ने अतिथियों का स्वागत किया. कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं रचनात्मकता विकसित होती है. विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गये.

### क्रिकेट टूर्नामेंट में सिरसोदिया रही प्रथम विजेता

**पड़ाना 16 नवंबर, सं.** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुलावता में दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. जिसमें पडालिया माताजी, लीमाचौहान, धामंदा, किशनखेड़ी, पिपलियापाल, सिरसोदिया, गुलावता इत्यादि गांव की टीम ने क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लिया. रविवार को गुलावता एवं सिरसोदिया के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया. जिसमें सिरसोदिया गांव के खिलाडियों ने 8 ओवर में 92 रन बनाकर 93 रनों का लक्ष्य गुलावता टीम के सामने रखा. लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुलावता टीम दो रनों से हार कर 90 रन सिमट गई. फाइनल मुकाबले में सिरसोदिया टीम प्रथम विजेता रही. वही उपविजेता गुलावता रही. जहां सरपंच संतोष भिलाला अवधेश बैरागी, चरण सिंह भैंसानिया, संजय भैंसानिया, प्रीतम इत्यादि द्वारा प्रथम विजेता टीम को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया .

### जनजाति व गौरव दिवस मनाया गया

**झाड़ला 16 नवंबर, सं.** शासकीय सीनियर बालक अनु.सूचित जाति छात्रावास में मुख्य अतिथी संकुल प्राचार्य अशोक कुमार की उपस्थिति में नवांकर संस्था प्रखर ज्योति विद्या समिति नरसिंहगढ़ के द्वारा जनजाति गौर दिवस भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वी जन्म जयन्ती का कार्यक्रम मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत में छात्र रिंकू वर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा जी की तरह भेष बनाया.अधिक्षक रमेशचन्द्र जाटव, भारतसिंह सूर्यवंशी,राकेश कुमार अहिरवार सभी वक्ताओं ने भारतीय इतिहास में भगवान बिरसा मुंडा के अमूल्य योगदान पर श्रृधा सुमन अर्पित किये और बडे हर्षोउल्लास के साथ गौरव दिवस मनाया. उन्होंने बताया गया कि पर्यावरण, सनातन धर्म एंव राष्ट्र के लिए जो योगदान उन्होने दिया उसी प्रकार उनसे प्रेरणा लेकर हम सभी को राष्ट्र के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए और सामाजिक चुनोतियों पर चिंतन करना चाहिए. संचालन संस्था अध्यक्ष प्रखर सिंह बैस के द्वारा व आभार देवसिंह राठौड जी के द्वारा किया गया.

### मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन

**राजगढ़ 16 नवंबर, का.** मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ जिला राजगढ़ के तत्वाधान में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि अजाक्स के कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष संतोष वर्मा आईएएस तथा विशेष अतिथि घनश्याम भकोरिया रामकृष्ण वर्मा, श्यामबाबू खरे तथा एस सी ओसले रहे. अध्यक्षता जगदीश वर्मा जिलाध्यक्ष अजाक्स ने की. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संतोष वर्मा ने समाज की एकजुटता तथा अपने अधिकारों के लिए सजग रहने हेतु आव्हान किया. उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन परिचय को याद करते हुए उनसे समाज को प्रेरणा लेने का आह्वान किया.

# गांजा सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

## नशा मुक्ति अभियान : आरोपियों के पास से 6 किलो से अधिक अवैध गांजा जब्त

▶ तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज



**छतरपुर, 16 नवंबर. पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

ओरछा रोड थाना पुलिस ने ग्राम कैंडी फोरलेन ब्रिज यात्री प्रतीक्षालय के पास दबिश देकर इन तस्करों को पकड़ा. पुलिस ने इनके पास से छह पैकेटों में भरा 6 किलोग्राम से अधिक अवैध गांजा जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 90 हजार रुपए बताई जा रही है. थाना पुलिस को क्षेत्र भ्रमण के दौरान सूचना मिली थी कि कुछ लोग अवैध गांजा की तस्करी की तैयारी कर रहे हैं. सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुँची. पुलिस को देखते ही संदिग्ध लोगों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रामजी पाल (निवासी ग्राम अगरा, थाना सटई), देवीदीन साहू और मोहनलाल साहू (निवासी वार्ड क्रमांक 8, बड़ा मलहरा) के रूप में हुई है. पुलिस के अनुसार, आरोपी रामजी पाल पर पूर्व में मारपीट का एक मामला दर्ज है. पुलिस ने तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर ली है.

> यह कार्रवाई मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान का हिस्सा है. पिछले कुछ महीनों में छतरपुर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के 90 और आबकारी एक्ट के 2200 से अधिक मामले दर्ज किए हैं. इस दौरान 52 क्विंटल अफीम के पौधे, 1000 किलोग्राम से अधिक गांजा, 500 शीशियां नशीली सिरप, 1200 नशीली टैबलेट, 200 इंजेक्शन और 18,000 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है.



# शिविर : पुलिस और राजस्व टीम ने सुनीं 89 शिकायतें

**छतरपुर, 16 नवंबर. जिले में जमीनी विवादों के त्वरित समाधान के लिए पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशानुसार पुलिस और राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं.**

इसी क्रम में पुलिस लाइन स्थित पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में छतरपुर अनुभाग के लिए एक शिविर लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी भूमि संबंधी शिकायतें लेकर पहुंचे. शिविर में डीएसपी, एसडीएम, राजस्व निरीक्षक और विभिन्न हल्का पटवारी मौजूद रहे. यहां थाना कोतवाली क्षेत्र के 49 और थाना सिविल लाइन क्षेत्र के 40 मामलों में सुनवाई की गई. दोनों विभागों की संयुक्त टीम ने प्रत्येक प्रकरण में आवश्यक जांच और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. अधिकारियों ने कहा कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य लोगों की समस्याएं मौके पर सुनकर उन्हें जल्द से जल्द हल करना है, ताकि विवाद लंबे समय तक न बढ़ें और शांति व्यवस्था बनी रहे. शिविर के दौरान डीएसपी अजाक रविंद्र मिश्रा, एसडीएम अखिल राठौर समेत कोतवाली और सिविल लाइन थाना के पुलिस अधिकारी, राजस्व विभाग के कर्मचारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे.

# चंदला में नवजात शिशु का हुआ पोस्टमार्टम





**चंदला, 16 नवंबर. जिले के बंशिया थाना अंतर्गत ग्राम व्यास बदौरा का मामला दिल दहला देने वाला आया है. जहां देखा जा रहा है कि एक नवजात शिशु का चंदला स्वस्थ केंद्र में किया गया है.**

बताया गया कि पिछले दिनों 14 नवम्बर 2025 को डिलेवरी की गई थी, जो कि नवजात शिशु की मृत्यु गर्भ में ही हो गई थी. प्रसूति महिला बिनीता अहिरवार ने बयान देते हुए बताया कि 3 दिन पहले 12 नवम्बर 2025 बुधवार को ग्रामीणों से कुछ विवाद हो गया था, जिसमें धक्का मुक्की हो गई थी कुछ लोगों ने मेरे पेट पर धक्का मार दिया था और हाथ की कोहनी मार दी इससे मैं गिर गई, तब से पेट में दर्द बढ़ गया. हमारे घर वाले ने और हमने समझा था कि डिलेवरी होने का अंतिम समय चल रहा है जिस बजाय से दर्द हो रहा है, लेकिन ऐसा नहीं था. वो ठोकर बच्चे को नुकसान कर गई थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दी थी जो कि जांच के लिए पुलिस ने भेजा था. जब जांच की गई तो पता चला कि बच्चा पेट में ही दम तोड़ दिया. महिला ने कुछ धक्का मुक्की करने वाले के नाम उजागर किए है, भैरम अहिरवार, हीरा अहिरवार, हुकुम अहिरवार, अखिलेश अहिरवार तथा अन्य लोग भी रहे है. प्रसूति महिला के पति जयहिंद अहिरवार ने भी बताया कि मारपीट की गई है, जिस बजाय से बच्चा हमारा गर्भ में ही दम तोड़ दिया है, जिससे हम पीएम करवाना चाहते है, क्योंकि जमीनी विवाद ग्रामवासियों से चल रहा था. वही खेत पर ही जमीनी विवाद हो गया था जो कि विवाद में अपराधी के रूप में भैरम अहिरवार, हुकुम अहिरवार, हीरा अहिरवार, अखिलेश अहिरवार, किशोर अहिरवार, तथा अन्य लोग परिवार भी थे. लवकुशनगर से टीम आई और नवजात शिशु का पीएम किया गया जिसमें बी एम ओ लखन अहिरवार ने अपनी मौजूदगी में पीएम कराया है और शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है.

> **इनका कहना है**
>
> इस घटना में चोट समझ में नहीं आई है, नवजात शिशु का सर काफी बड़ा था जिस वजह से गर्भ में दम तोड़ दिया था, इस तरह के कई मामले आ चुके है ये कोई पहला मामला नहीं है.
>
> **- लखन अहिरवार,** बीएमओ लवकुशनगर

# पति की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने पिया ऑल आउट

▶ शराबी पति पत्नी से करता था विवाद और मारपीट

▶ परिजनों बोले शिकायत के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं



**छतरपुर, 16 नवंबर. जिले के कदारी गांव में घरेलू प्रताड़ना का गंभीर मामला सामने आया है. यहां 30 वर्षीय अंजलि चतुर्वेदी ने पति के अत्याचारों से तंग आकर ऑल आउट लिक्विड पी लिया.**

परिजनों ने उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां वह मेडिसिन वार्ड में भर्ती है. पीड़िता की सास शीला ने बताया कि उसका बेटा ब्रजेश नशे का आदी है और अक्सर शराब के नशे में पत्नी अंजलि के साथ विवाद और मारपीट करता है. शीला का कहना है कि उन्होंने कई बार पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन परिवार के एक चाचा के पुलिस में होने से कार्रवाई नहीं हुई. घटना वाली रात भी ब्रजेश नशे की हालत में आया, विवाद बढ़ा और उसने अंजलि का गला दबा दिया. इससे आहत होकर अंजलि ने घर में रखा ऑल आउट लिक्विड पी लिया. पीड़िता ने बताया कि आठ साल पहले उसने ब्रजेश से प्रेम विवाह किया था, लेकिन शादी के एक साल बाद से ही दहेज की मांग और ससुराल में भेजने को लेकर तनाव बढ़ गया. अंजलि के दो छोटे बच्चे एक पांच वर्षीय बेटी और दो वर्षीय बेटा—फिलहाल उसकी सास के संरक्षण में हैं. जिला अस्पताल में अंजलि का उपचार जारी है.

# भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती मनाई

**नरसिंहगढ़ 16 नवंबर, सं.** ग्राम भेसना गुरुकुल विद्या मंदिर स्कूल में जन अभियान की नवांकुर संस्था समृद्ध शिक्षण संस्था महुआ द्वारा आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री पिंकेश गुर्जर ने अपने उदबोदन में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती पर बताया कि जिस प्रकार भगवान बिरसा मुंडा जी ने पर्यावरण सनातन धर्म एवं राष्ट्र के लिए जिस प्रकार का कार्य किया हम लोगों को भी उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्र के कार्य के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए. जो चुनौतियां समाज में है उन को किस प्रकार समाप्त किया जा सकता है चिंतन करने की आवश्यकता है. अध्यक्षता कंचन सिंह गुर्जर द्वारा किया गया. संचालन गुरुकुल विद्या मंदिर के संचालक फुंदी लाल विश्वकर्मा ने किया.

# 12 सैंपल्स में पानी की मिलावट और एक सैंपल असामान्य मिला

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़, 16 नवम्बर, का.** भोपाल दुग्ध संघ (सांची) द्वारा राजगढ़ जिले के बिरजीपुरा कॉलोनी में दूध का दूध पानी का पानी अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में उपभोक्ताओं द्वारा घर में उपयोग किया जा रहे दूध, दही, घी एवं पनीर की जांच नि:शुल्क की जाती है तथा इन उत्पादों की गुणवत्ता के परिणाम तत्काल उपभोक्ताओं को बताए जाते हैं. जांच के दौरान कुल 32 उपभोक्ताओं एवं खुले दूध के विक्रेताओं से सैंपल्स लिए गए. इसमें दूध के 31 तथा एक सैंपल घी का था. दूध के कुल 31 सैंपल्स में से 12 सैंपल्स में पानी की मिलावट पाई गई तथा 1 सैंपल असामान्य पाया गया. अभियान के दौरान भोपाल दुग्ध संघ की ओर से प्रभारी ग्रामीण विपणन सुश्री निधि सिंह राजपूत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. खत्री, पी. एस. ठाकुर एवं अन्य अमला उपस्थित रहा.

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री खत्री द्वारा खुले दूध के विक्रेताओं को अनिवार्यत- खाद्य पंजीयन कराने निर्देशित किया. इसके अलावा समस्त उपभोक्ताओं को जागरुक करते हुए उन्हें यह बताया गया कि केवल और केवल पाश्चुराइज्ड दूध का ही सेवन करें. बिना पाश्चुरीकृत दूध सेहत के लिए हानिकारक है.

इस प्रकार दुग्ध संघ द्वारा दूध का दूध पानी का पानी अभियान का समापन किया गया जो कि ब्यावरा में चार दिन एवं राजगढ़ में 5 दिन तक संचालित रहा.

# ठंड ने बढ़ाई सिहरन, रविवार सुबह का पारा 12 डिग्री

▶ हवा की गति 8 किमी/घंटा, नमी 32 फीसदी मापी गई



**छतरपुर, 16 नवंबर. शहर में शनिवार रात से ठंड ने अचानक रफ्तार पकड़ ली. रविवार सुबह शहर का तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे सुबह के समय अधिकांश लोग घरों में दुबके रहे और सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम आवाजाही देखी गई.**

मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान और नीचे जा सकता है. रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम 12 डिग्री रिकॉर्ड किया गया. हवा की गति करीब 8 किमी प्रति घंटा रही, जबकि नमी 32 प्रतिशत मापी गई. फिलहाल आने वाले एक सप्ताह तक मौसम साफ और स्थिर रहने की संभावना जताई गई है. बढ़ती ठंड से लोगों ने सुबह-शाम गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस की. बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोग मफलर, टोपी और स्वेटर पहनकर निकलते दिखे. ठंड का लाभ किसानों को भी मिल रहा है. रबी फसलों की बुवाई पूरी होने के बाद गेहूं की फसल पर दिखाई दे रही ओस की नमी को फसल वृद्धि के लिए लाभकारी माना जा रहा है.

> जिले का नौगांव क्षेत्र हमेशा से अधिक ठंड के लिए पहचाना जाता है. कुछ दिन पहले यहां तापमान 1 डिग्री सेल्सियस तक गिर चुका है. विशेषज्ञों के अनुसार, नौगांव व खजुराहो की भौगोलिक संरचना—विशेषकर ग्रेनाइट चट्टानों और अक्षांशीय प्रभाव के कारण यहां तापमान में तीव्र गिरावट दर्ज होती है. स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को ठंड में अतिरिक्त सावधानी बरतने, गर्म पेय पदार्थ लेने, पौष्टिक भोजन करने और सुबह की धूप लेने की सलाह दी है. फिलहाल छतरपुर में ठंड का दौर जारी है. आने वाले दिनों में ठिठुरन और बढ़ सकती है.

**स्पर्धा** ▶ छतरपुर में पुलिस विभाग की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

# खेलकूद मानसिक स्वास्थ्य व टीम स्पिरिट के लिए जरूरी : एसपी



**छतरपुर, 16 नवंबर. देशभक्ति और जनसेवा की जिम्मेदारी निभाते हुए पुलिसकर्मी अक्सर भारी तनाव का सामना करते हैं फिर चाहे वह घर की जिम्मेदारियाँ हों या ड्यूटी का दबाव. पुलिस बल के इसी मानसिक तनाव को कम करने और उन्हें फिर से ऊर्जा से भरने के उद्देश्य से छतरपुर में पुलिस विभाग की कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई.**

इस प्रतियोगिता में जिलेभर के थाना प्रभारियों और पुलिस जवानों ने जोरदार उत्साह के साथ हिस्सा लिया. मैदान में जहां जबरदस्त मुकाबले हुए, वहीं खिले-खिले चेहरों के बीच हल्की-फुल्की 'टांग खिंचाई' भी देखने को मिली. कार्यक्रम शहीद जितेंद्र सिंह की स्मृति में 'खेल उद्यान' के अंतर्गत सिविल लाइन परिसर में आयोजित किया गया. लीग मैचों के बाद चार टीमें रिजर्व पुलिस लाइन, अनुभाग छतरपुर, अनुभाग खजुराहो और अनुभाग बिजावर—सेमीफाइनल तक पहुंचीं. फाइनल मुकाबला अनुभाग खजुराहो और अनुभाग छतरपुर के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए अनुभाग खजुराहो की टीम विजेता बनी. एसपी अगम जैन ने बताया कि पुलिस लाइन परिसर में समय-समय पर खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं. ऐसे आयोजन पुलिस जवानों का तनाव कम करने में बेहद मददगार होते हैं. इससे ऊर्जा बढ़ती है और जवान खुलकर अपनी समस्याओं को भी साझा कर पाते हैं. पुलिस जनता की सेवा में 24 घंटे तत्पर रहती है, इसलिए खेलकूद उनके मानसिक स्वास्थ्य और टीम स्पिरिट के लिए बेहद जरूरी है.

# दुर्घटनाओं में मृतकों के लिए मनाया विश्व यादगार दिवस

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 16 नवंबर, का. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजगढ़ के शिव वरदान भवन में सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों को श्रद्धांजलि देने एवं दुर्घटना में पीडिति व्यक्तियों तथा उनके परिवारों को मानसिक संबल देने के लिए विश्व यादगार दिवस मनाया गया.**

यातायात नियमों की जानकारी देते हुए ब्रह्माकुमारी सुरेखा दीदी ने बताया कि आए दिन सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतें व एक्सीडेंट हमें यह चेतावनी देते हैं कि अनमोल जीवन को बचाने के लिए यातायात के नियमों का पालन करते हुए धैर्यता पूर्वक वाहन चलाना चाहिए. हम कई बार ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करते, मोबाइल पर बात करते बिना हेलमेट के तेज गति से वाहन चलाते जिससे समय पर कंट्रोल नहीं कर पाते, अशांत मन से वाहन चलाते जिससे एक्सीडेंट स्वाभाविक रूप से हो जाता है. दो पहिया वाहन में हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट अवश्य बांधे. यह दिवस हमें स्मरण दिलाता है कि हमें अपने अमूल्य जीवन की रक्षा के लिए दूसरों को ना देख अपने अंदर सुधार लाना है.